**भारत सरकार**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1594**

दिनांक 28 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

**सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए हॉटस्पॉट का पता लगाना**

**1594. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा :**
**श्री देवजी पटेल :**
**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे :**
**श्री नारणभाई काछड़िया :**
**श्री सुनील कुमार सिंह :**
**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर :**
**श्री दिलीप शइकीया:**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या बाल अधिकार निकाय ने राज्यों से विशेषकर राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, झारखंड, और उत्तर पूर्वी राज्यों में सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए हॉटस्पॉट का पता लगाने के लिए कहा है;

(ख) यदि हां, तो हॉटस्पॉट का चिन्हिकरण पूरा कर चुके राज्यों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने विगत पांच वर्षों के दौरान सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए बचाव अभियान चलाए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ड.) विगत पांच वर्षों के दौरान बचाए गए और पुनर्वासित बच्चों के उक्त राज्य सहित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं; और

(च) विगत तीन वर्षों के दौरान बचाव के पश्चात बाल देखभाल संस्थानों में पल रहे बच्चों की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

**(क) और (ख):** जी, हां। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) से प्राप्त सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में हॉटस्पॉट की पहचान करने के लिए पत्र जारी किया हैं। हॉटस्पॉट की पहचान संबंधी कार्य पूरा करने के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

**(ग) और (घ):** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) से प्राप्त सूचना के अनुसार, एनसीपीसीआर ने प्रासंगिक अवधि के दौरान बचाव और पुनर्वास अभियान चलाया है जिसमें बच्चों को बचाया गया था और इसके अलावा संबंधित बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष पेश किया गया था। वर्ष 2019 में, एनसीपीसीआर ने दिल्ली के जनपथ और खान मार्केट क्षेत्र में और मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में हॉटस्पॉट की पहचान की थी। तत्पश्चात, किए गए प्रायोगिक(पायलट) बचाव के आधार पर, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बेघर बच्चों के बचाव और पुनर्वास पर एक एसओपी 2.0 तैयार की हैं । राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने वर्ष 2022 में 7 राज्यों (असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल) में स्पॉट फील्ड ड्राइव/सर्वेक्षण किया, जिसमें 283 बच्चों को बचाया गया था और वर्ष 2023 में अखिल भारतीय स्तर पर, 1551 बच्चों को बचाया गया। इसका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**(ङ) :** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर)से प्राप्त सूचना के अनुसार, एनसीपीसीआर ने वर्ष 2021 में **बाल-स्वराज सीआईएसएस** नामक एक पोर्टल विकसित किया है जिसमें उन सभी बच्चों का ब्यौरा अपलोड किया जाता है जिन्हें बेघर स्थितियों से बचाया गया है तथा जिनको आगे पुनर्वास किया गया है। इसका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

**(च):** पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन वात्सल्य स्कीम के तहत बचाए गए बच्चों सहित बाल देखभाल संस्थानों में रखे गए बच्चों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक-IV** में दी गई है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**'सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए हॉटस्पॉट का पता लगाना के संबंध में श्री वाई. देवेन्द्रप्पा, श्री देवजी पटेल,श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर,श्री दिलीप शइकीया द्वारा दिनांक 28.07.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1594 के भाग (क)और भाग(ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**बेघर बच्चों की पहचान पूरी करने के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र विवरण**

| क्रम सं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | बेघर बच्चों की पहचान करने संबंधी कार्य पूरा किया गया |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | नहीं |
| 2 | आंध्र प्रदेश | हाँ |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | नहीं |
| 4 | असम | हाँ |
| 5 | बिहार | हाँ |
| 6 | चंडीगढ़ | हाँ |
| 7 | छतीसगढ | हाँ |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | नहीं |
| 9 | दिल्ली | हाँ |
| 10 | गोवा | हाँ |
| 11 | गुजरात | हाँ |
| 12 | हरियाणा | हाँ |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | हाँ |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | नहीं |
| 15 | झारखंड | हाँ |
| 16 | कर्नाटक | हाँ |
| 17 | केरल | नहीं |
| 18 | लद्दाख | नहीं |
| 19 | लक्षद्वीप | नहीं |
| 20 | मध्य प्रदेश | हाँ |
| 21 | महाराष्ट्र | हाँ |
| 22 | मणिपुर | नहीं |
| 23 | मेघालय | नहीं |
| 24 | मिजोरम | हाँ |
| 25 | नागालैंड | हाँ |
| 26 | ओडिशा | हाँ |
| 27 | पुदुचेरी | नहीं |
| 28 | पंजाब | हाँ |
| 29 | राजस्थान | हाँ |
| 30 | सिक्किम | नहीं |
| 31 | तमिलनाडु | हाँ |
| 32 | तेलंगाना | हाँ |

| | | |
|---|---|---|
| 33 | त्रिपुरा | हाँ |
| 34 | उत्तर प्रदेश | हाँ |
| 35 | उत्तराखंड | नहीं |
| 36 | पश्चिम बंगाल | हाँ |

***नोट: 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र में से आयोग को 24 राज्यों के लिए हॉटस्पॉट की पहचान के संबंध में विवरण प्राप्त हुआ है।**

**अनुलग्नक-II**

**सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए हॉटस्पॉट का पता लगाना के संबंध में श्री वाई. देवेन्द्रप्पा, श्री देवजी पटेल,श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर,श्री दिलीप शइकीया द्वारा दिनांक 28.07.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1594 के भाग (ग) और भाग(घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**क. वर्ष 2022 (09.02.2022 से 14.02.2022) के दौरान 7 राज्यों में एनसीपीसीआर द्वारा किए गए स्पॉट फील्ड ड्राइव/सर्वेक्षण के दौरान बचाए गए बच्चों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या**

| **क्रम सं** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **बचाए गए बच्चों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | असम | 37 |
| 2 | बिहार | 80 |
| 3 | छत्तीसगढ | 31 |
| 4 | गुजरात | 37 |
| 5 | झारखंड | 10 |
| 6 | महाराष्ट्र | 45 |
| 7 | पश्चिम बंगाल | 43 |
| **कुल** | | **283** |

**ख . वर्ष 2023 (01.04.2023 से 24.07.2023) के दौरान अखिल भारत में किए गए स्पॉट फील्ड ड्राइव/सर्वेक्षण के दौरान बचाए गए बच्चों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार संख्या**

| **क्रम सं** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **बचाए गए बच्चों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 310 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 4 | असम | 4 |
| 5 | बिहार | 170 |
| 6 | चंडीगढ़ | 22 |
| 7 | छत्तीसगढ | 8 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 0 |
| 9 | दिल्ली | 14 |
| 10 | गोवा | 0 |
| 11 | गुजरात | 101 |
| 12 | हरियाणा | 121 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 0 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 4 |
| 15 | झारखंड | 5 |
| 16 | कर्नाटक | 89 |
| 17 | केरल | 0 |
| 18 | लद्दाख | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 10 |

| | | |
|---|---|---|
| 21 | महाराष्ट्र | 407 |
| 22 | मणिपुर | 0 |
| 23 | मेघालय | 0 |
| 24 | मिजोरम | 0 |
| 25 | नागालैंड | 0 |
| 26 | ओडिशा | 5 |
| 27 | पुदुचेरी | 0 |
| 28 | पंजाब | 14 |
| 29 | राजस्थान | 15 |
| 30 | सिक्किम | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 55 |
| 32 | तेलंगाना | 44 |
| 33 | त्रिपुरा | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 144 |
| 35 | उत्तराखंड | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 9 |
| **कुल** | | **1551** |

**अनुलग्नक-III**

**सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए हॉटस्पॉट का पता लगाना के संबंध में श्री वाई. देवेन्द्रप्पा, श्री देवजी पटेल,श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर,श्री दिलीप शइकीया द्वारा**

**दिनांक 28.07.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1594 के भाग (ङ.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**बचाए गए बेघर बच्चों और पुनर्वासित किए गए बच्चों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र -वार विवरण**

| क्रम सं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 806 | 44 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 4 | असम | 279 | 90 |
| 5 | बिहार | 780 | 663 |
| 6 | चंडीगढ़ | 58 | 31 |
| 7 | छत्तीसगढ | 252 | 57 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 11 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 2012 | 495 |
| 10 | गोवा | 62 | 25 |
| 11 | गुजरात | 1989 | 1 |
| 12 | हरियाणा | 782 | 1596 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 108 | 20 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 246 | 5 |
| 15 | झारखंड | 69 | 9 |
| 16 | कर्नाटक | 1237 | 58 |
| 17 | केरल | 43 | 1 |
| 18 | लद्दाख | 33 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 1432 | 19 |
| 21 | महाराष्ट्र | 3841 | 269 |
| 22 | मणिपुर | 0 | 0 |
| 23 | मेघालय | 5 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 0 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 1 | 3 |
| 26 | ओडिशा | 226 | 83 |
| 27 | पुदुचेरी | 27 | 0 |
| 28 | पंजाब | 263 | 83 |
| 29 | राजस्थान | 611 | 192 |
| 30 | सिक्किम | 0 | 0 |
| 31 | तमिलनाडु | 1723 | 56 |
| 32 | तेलंगाना | 811 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 16 | 0 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1033 | 5 |
| 35 | उत्तराखंड | 93 | 23 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 212 | 43 |
| **कुल** | | **19061** | **3871** |

**अनुलग्नक-IV**

**सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए हॉटस्पॉट का पता लगाना के संबंध में श्री वाई. देवेन्द्रप्पा,श्री देवजी पटेल,श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे, श्री नारणभाई काछड़िया, श्री सुनील कुमार सिंह, श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर,श्री दिलीप शइकीया द्वारा दिनांक 28.07.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1594 के भाग (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**पिछले तीन वर्षों के दौरान मिशन वात्सल्य स्कीम के अंतर्गत बचाए गए बच्चों सहित बाल देखभाल संस्थानों में रखे गए बच्चों की राज्य-वार संख्या**

| क्रम सं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3012 | 3069 | 1504 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 195 | 147 | 206 |
| 3 | असम | 1624 | 1378 | 1380 |
| 4 | बिहार | 1844 | 2372 | 2088 |
| 5 | छत्तीसगढ | 2169 | 2167 | 1974 |
| 6 | गोवा | 798 | 685 | 526 |
| 7 | गुजरात | 1946 | 1299 | 1651 |
| 8 | हरियाणा | 2017 | 1786 | 1239 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1264 | 1147 | 805 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 759 | 579 | 817 |
| 11 | झारखंड | 1767 | 1537 | 1219 |
| 12 | कर्नाटक | 4303 | 3974 | 3182 |
| 13 | केरल | 591 | 1380 | 697 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 2976 | 2982 | 2292 |
| 15 | महाराष्ट्र | 3716 | 3468 | 3654 |
| 16 | मणिपुर | 1966 | 1980 | 2121 |
| 17 | मेघालय | 975 | 915 | 972 |
| 18 | मिजोरम | 1018 | 776 | 914 |
| 19 | नागालैंड | 770 | 597 | 493 |
| 20 | ओडिशा | 7392 | 7077 | 4153 |
| 21 | पंजाब | 681 | 685 | 607 |
| 22 | राजस्थान | 5130 | 3670 | 2560 |
| 23 | सिक्किम | 519 | 534 | 526 |
| 24 | तमिलनाडु | 13819 | 13877 | 7785 |
| 25 | त्रिपुरा | 832 | 875 | 829 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 4965 | 4722 | 3238 |
| 27 | उत्तराखंड | 511 | 457 | 700 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 5257 | 6494 | 6220 |
| 29 | तेलंगाना | 1626 | 2822 | 1129 |
| 30 | अंडमान और निकोबार | 360 | 301 | 308 |
| 31 | चंडीगढ़ | 297 | 153 | 202 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 60 | 5 | 28 |
| 33 | लद्दाख | 0 | 0 | 25 |
| 34 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 |
| 35 | दिल्ली | 1500 | 1835 | 1206 |
| 36 | पुदुचेरी | 956 | 373 | 690 |
| | **कुल** | **77615** | **76118** | **57940** |